# हरियाणा में 15 खेलो इंडिया केंद्रों का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों

20 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री (एमवाईएएस) अनुराग सिंह ठाकुर की वर्चुअल उपस्थिति में हरियाणा में कुल 15 खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) का शुभारंभ किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम को वर्चुअल रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने पहले ही देश भर में 1000 खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) को अधिसूचित कर दिया है।
- उन्होंने कहा कि हरियाणा में शुरू किये गए ये 15 खेलो इंडिया केंद्र भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने में मदद करेंगे। इन केंद्रों में 15 पूर्व चैंपियन एथलीटों को शामिल किया जाएगा, जो पदक जीतने को उत्सुक अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रशिक्षित करेंगे।
- 'खेलो इंडिया' योजना के माध्यम से, भारत सरकार ने जहाँ एथलीटों को सर्वोत्तम संभव तरीके से समर्थन प्रदान किया है, वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री भी वित्तीय और नौकरी संबंधी सहायता के माध्यम से एथलीटों को प्रेरित करने में सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।
- केआईसी में, पूर्व चैंपियन एथलीट युवाओं के प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक बनते हैं, स्वायत्त तरीके से खेल प्रशिक्षण केंद्र चलाते हैं और अपनी आजीविका कमाते हैं। 'खेलो इंडिया' योजना के तहत इन पूर्व चैंपियनों के साथ-साथ इन केंद्रों को खेल प्रशिक्षण, कोचिंग और संचालन के लिये प्रारंभिक और वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।
- प्रखंड या ज़िला स्तर पर स्कूलों, संगठनों और अन्य पात्र एजेंसियों में उपलब्ध मौजूदा खेल संबंधी बुनियादी ढाँचे के उपयोग को बढ़ाने हेतु, छोटे खेलो इंडिया केंद्र ज़मीनी स्तर पर खेल इकोसिस्टम को मज़बूत करने में सहायता करते हैं।


KHELO INDIA
Ten "Khelo India Centres" in State of Haryana are dedicated to nation
by
Shri Manohar Lal
Hon'ble Chief Minister, Haryana
in the august presence of
Shri Anurag Singh Thakur
Hon'ble Union Minister of Youth Affairs & Sports and
Information & Broadcasting, Government of India
on
Friday, 20th October, 2023


KHELO INDIA
Shri Manohar Lal
Shri Anurag Singh Thakur

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/15-khelo-india-centres-inaugurated-in-haryana